डिजीटल पत्र


# कांग्रेस दर्पण

दैनिक

पटना, 24 मई, बुधवार, 2023

## बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल सदाकत आश्रम पटना – 10

# जननायक राहुलगांधी जी ट्रक ड्राइवर्स की समस्या जानने उनके बीच पहुंचे







**राहुल जी ने उनके साथ दिल्ली से चंडीगढ़ तक का सफर किया।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत की सड़कों पर करीब 90 लाख ट्रक ड्राइवर्स हैं। इनकी अपनी समस्याएं हैं। इनके 'मन की बात' सुनने का काम राहुल जी ने किया।**

# अब एकजुट होगा देश, लोकतंत्र की मजबूती ही हमारा संदेश:कांग्रेस

संवाददाता। कांग्रेस दर्पण

देश के सजग, साहसी, संघर्षशील, जनप्रिय, ईमानदार, लोकप्रिय,विपक्ष की आवाज, मोदी सरकार के गलत नीतियों, विफलताओं के खिलाफ संपूर्ण देश में आवाज बुलंद करने वाले राहुल गांधी तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के लोकप्रिय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे जी के दिशानिर्देशन में जदयू सुप्रीमो, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी लगातार देशभर में घूम, घूम कर भाजपा विरोधी दलों के नेताओ से मिलकर अगामी लोकसभा चुनाव के लिया एकजुटता बनाने का भरपूर प्रयास कर रहे है, तथा बहुत जल्द सभी दलों की बैठक हेतु जगह एवम् तिथि की घोषणा की जाएगी। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली, जिला उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, शिव कुमार चौरसिया, अमरजीत कुमार, श्रवण पासवान, सोमनाथ पासवान,प्रद्युमन दुबे, बलिराम शर्मा, चंद्रभूषण मिश्रा, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, विशाल कुमार, मो समद, असरफ इमाम, आदि ने कहा वर्तमान राजनैतिक स्थिति पर देशभर के सभी गैर भाजपा दलों की एक्का देश को नई दिशा देने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है, जिससे लोकतंत्र मजबूत होगी।





नेताओ ने कहा की बिहार से ही देश में सभी परिवर्तनों का शंखनाद हुआ है, तथा इस बार आगामी 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन को उखाड़ फेंकने का सामूहिक प्रयास कांग्रेस पार्टी के दिशानिर्देशन में बिहार के महागठबंधन के नेताओ द्वारा संचालित किया जा रहा है, जिसका सकारात्मक परिणाम आयेगा। नेताओ ने कहा की कांग्रेस पार्टी संपूर्ण देश में सभी समान विचारधाराओं की पार्टियां, तथा केंद्र सरकार के गलत नीतियों का विरोध करने वाली पार्टियां, संविधान बचाने तथा लोकतंत्र को सशक्त बनाने रखने वाले सभी पार्टियों के साथ कदम से कदम मिलाकर काम करने को संकल्पित है।




गुरु अर्जन देव जी के शहादत दिवस पर कोटि–कोटि नमन। उन्होंने श्री हरमंदिर साहिब की नींव रखने और गुरुग्रंथ साहिब के संकलन की शुरुआत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज हम पांचवे सिख गुरु, मानवता के सच्चे सेवक और धर्म के रक्षक के योगदान का सम्मान करते हैं, जिनकी शिक्षाएँ हमें निरंतर प्रेरणा देती हैं।




सरकार की बेशर्मी और अन्याय की पराकाष्ठा!

# शामली जिला कांग्रेस कमेटी ने की बैठक  अडानी के शेयर क्यों बढ़े

## नोटबंदी का उद्देश्य केवल जनता को लाईन मे लगाना– दीपक सैनी




शामली जिला कांग्रेस कमेटी के शामली  केंप कार्यालय पर आयोजित मिटिंग मे  कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीपक सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नोटबंदी के जरिये देश की जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। दो हजार रुपये का नोट कंढम करके भाजपा ने खुद साबित कर दिया है कि पूर्व में की गई नोटबंदी सही तरीके से नहीं की गई थी। भाजपा सरकार के द्वारा बिना किसी उचित तैयारी के जनता के उपर अपना हुकुम थोप दिया गया था। सरकार के तानाशाही रवैये से देश की जनता लाईन से हट नहीं पा रही है। सरकार के तुगलकी फरमान से जनता परेशान हो चुकी है। महंगाई चरम सीमा पर है। भाजपा विपक्ष को मुद्दों से भटकाना चाहती है।  जिसके कारण देश की गरीब जनता को बेंकों की लम्बी लाईनों मे लगना पडा। नोटबंदी का उद्देश्य केवल देश की जनता को गुमराह करके उधोगपतियों को फायदा पहुचाना है। भाजपा की पोल खुल चुकी है जिसका परिणाम हिमाचल प्रदेश एवं कर्नाटक चुनावों में भाजपा को करारी हार के रुप में देखने को मिला है। अशवनी शर्मा ने बताया कि बैंकों के द्वारा जनता को फार्म नहीं होने का हवाला देकर वापिस लोटाया जा रहा है।पहली नोटबंदी मे बैंक कर्मचारियों को मोटा कमीशन मिला था।फिर से गेंद दलालों के हाथ में थमा दी जायेगी।2000□ नोटबंदी के साथ अडानी ग्रुप्स के सेयरों मे उछाल आना कोन सा पेक्ट है।  बागपत यूवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष निशांत तोमर ने कहा कि भाजपा को गरीबों से ज्यादा अपने उधोगपति मित्रों की चिंता रहती है।गत चुनाव में भाजपा का जातिधर्म का मुद्दा फैल हो गया है। देश की जनता बदलाव चाहती है। आगामी लोकसभा चुनावों में देश से बीजेपी की विदाई निश्चित है। पिछडा वर्ग के प्रदेश महासचिव आदेश कश्यप व रिजवान ने भी अपने विचार रखे। दीपक सैनी कांग्रेस जिलाध्यक्ष, निशांत तोमर ज़िला अध्यक्ष युवा, अश्वनी शर्मा प्रदेश महासचिव, आदेश कश्यप प्रदेश महासचिव, श्रीपाल जिलाध्यक्ष पिछड़ा,   प्रधुमण तोमर ज़िला उपाध्यक्ष,योगेश भारद्वाज ज़िला महासचिव, संदीप शर्मा जिला सचिव, रिजवान नगर अध्यक्ष शामली, राहुल शर्मा जिला सचिव, महिपाल शर्मा,

जितेंद्र जाटव केराना, महावीर सैनी वरिष्ठ कांग्रेसी, मुनेश शर्मा वरिष्ठ कांग्रेसी, विनोद सेन , जाहिद नगर अध्यक्ष कांधला, रमेश मराठा वरिष्ठ कांग्रेसी, अरुण जाटव उन, राधेश्याम सैनी, आदि मौजूद रहे।









**कांग्रेस भवन, रांची में संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेश ठाकुर जी, कांग्रेस अल्पसंख्य के झारखंड प्रभारी श्री उमैर खान जी एवं प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन श्री मंजूर अंसारी जी।**

# पूरे देश के पिछड़ा अति पिछड़ा का अगर कोई सचमुच हिमायती कोई है वह राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस पार्टी है




संवाददाता।कांग्रेस दर्पण

पूरे देश के पिछड़ा अति पिछड़ा का अगर कोई सचमुच हिमायती कोई है वह राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस पार्टी है यह बातें बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अनुराग चंदन ने कहा हमारे कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष परम आदरणीय श्रीमती सोनिया गांधी जी ने अपने कार्यकाल में राजस्थान में ओबीसी समुदाय के नेता को वहां का मुख्यमंत्री बनाकर बड़ी जिम्मेदारी देने का काम किया साथी छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में भी ओबीसी समुदाय को जिम्मेदारी मिली और गत कर्नाटका विधानसभा चुनाव मैं कांग्रेस को पूर्ण बहुमत मिलने पर वहां का भी मुख्यमंत्री के रूप में ओबीसी समुदाय के नेता को ही जिम्मेदारी सौंपी गई अब आप लोग बताइए हमारे देश के पिछड़ाअति पिछड़ा समुदाय के भाई एवं बहनों आप लोग आप लोग को केंद्र की भाजपा सरकार सिर्फ कहती है और करनी पर पीछे भाग जाती है और हमारे कांग्रेस के नेता परम आदरणीय राहुल गांधी जी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष जो कहते हैं शो करते हैं मैं आप लोग से आग्रह करूंगा निवेदन करूंगा यह भाजपा सरकार हम लोग के समाज पिछड़ा एवं अति पिछड़ा का सिर्फ शोषण कर रही है मैं मैं पूरे देश के अपने समाज से कहना चाहूंगा यह केंद्रीय भाजपा सरकार के महाकावे में नहीं जाना है और कांग्रेस के साथ हाथ से हाथ मिला कर परम आदरणीय राहुल गांधी जी के सपनों को साकार करना है जय कांग्रेस जय पिछड़ा एवं अति पिछड़ा कांग्रेस जिंदाबाद

# बगहा की इन 3 बेटियों ने परचम लहराया: आशीर्वाद



संवाददाता।कांग्रेस दर्पण\

बगहा : कराटे जैसे खेल में हमारी बगहा की बेटियों का दिलचस्पी देख कर खुशी होती है और इन तीनों बहनों ने बगहा को गर्वेवन्वित किया है साथ ही अ'' क्ल्ल ठं३ङ्मल्ल '१ं३ीॅ स्र्ङ्मल्ल२ँस्र में बिहार के तरफ़ से हमारी बगहा की बेटियों का नाम चयन हुआ है बगहा विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जयेश मंगल सिंह उर्फ जय सिंह जी बच्चियों को सम्मानित करते हुए और कहा कि

धन्य है वह माता पिता जिन्होंने अपनी बेटियों को ऐसा करने के लिए मनोबल बढ़ाया और इनके गुरु जी का आभार जो ऐसा मंच तयार किए जहां हमारी बच्चियों को राष्ट्र अस्तर पर कुछ करने का मौका मिला।







# पूर्व मंत्री डॉ गरासिया ने दियान महंगाई राहत कैम्प का किया अवलोकन

संवाददाता। कांग्रेस दर्पण

उदयपुर, 23 मई। गोगुंदा पूर्व मंत्री डॉ.मांगी लाल जी गरासिया ने गोगुंदा उपखंड के दीयान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में महंगाई राहत कैंप का अवलोकन किया। शिविर में विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन कर दी जा रही सेवा–सुविधाओं की जानकारी लेते हुए वहां मौजूद ग्रामीणों से भी संवाद किया। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं की त्वरित क्रियान्विति से आमजन को समय पर लाभ मिल रहा है। उन्होंने शिविर में लाभार्थियों को मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड प्रदान कर उनसे आह्वान किया कि वे अन्य ग्रामीणों को इस अभियान की जानकारी देकर लाभान्वित करें। शिविर प्रभारी उपखण्ड अधिकारी जितेंद्र पंड्या ने शिविर की प्रगति की जानकारी दी। इस अवसर पर सायरा प्रधान सवा राम गमेती, मीडिया प्रभारी योगेश तेली, युवा नेता एडवोकेट मंगल सिंह राजपूत, सरपंच मुन्ना राम गमेती, चंपा लाल सहित स्थानीय




**फोटो केप्शन : दियान में आयोजित महंगाई राहत कैंप में पात्रजनों को लाभान्वित करते पूर्व विधायक डॉ. गरासिया।**






# कांग्रेस समर्थित जनप्रतिनिधियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न की



संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण



श्री लीला होटल, राजमार्ग चौराहा, तहसील–तेन्दूखेड़ा में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन प्रभारी माननीय श्री संजय कपूर जी एवं माननीय विधायक श्री संजय शर्मा जी ने ब्लाक, मण्डलम, सेक्टर व विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों तथा कांग्रेस समर्थित जनप्रतिनिधियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न की।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम बिलहरा से श्री बलराम राजपूत जी ने माननीय विधायक श्री संजय शर्मा जी कुशल नेतृत्व में विश्वास जताते हुए अपने साथियों सहित कांग्रेस पार्टी का दामन थामा।

उक्त अवसर पर प्रदेश संगठन प्रभारी माननीय श्री संजय कपूर जी ने पुष्प माला पहनाकर सभी नवागत सदस्यों का स्वागत किया एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश कांग्रेस के संगठन प्रभारी माननीय श्री संजय कपूर जी, तेंदूखेड़ा विधायक माननीय श्री संजय शर्मा जी, जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन मंत्री श्री संदीप पटेल जी,श्री दीवान शैलेन्द्र सिंह जी, किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष श्री संतोष पटेल जी, श्रीमती प्रीति मिश्रा जी, श्रीमती शोभा सिंघई जी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुमन राजेश मेहरा जी, सुश्री मोना कौरव जी, जनपद पंचायत चावरपाठा के अध्यक्ष श्री सोवरन सिंह ठाकुर जी, वरिष्ठ कांग्रेसजन श्री डॉ.देवेन्द्र प्रताप सिंह जी, श्री कीरत पटेल जी, श्री सुनील उदेनिया जी, कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष श्री सौरव शर्मा जी, युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष श्री परेश यादव जी, प्रभारी श्री मनीष कौरव जी, श्री यशवंत आचार्य जी,श्री इंद्रकुमार अवस्थी जी, ब्लाक कांग्रेस कमेटी कोड़िया के अध्यक्ष श्री सूर्यकांत लोधी जी,ब्लाक कांग्रेस कमेटी करपगांव के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र कौरव जी, कांग्रेस सेवादल ब्लाक चावरपाठा के अध्यक्ष श्री संतोष पटेल जी, कांग्रेस सेवादल ब्लाक करपगॉव के अध्यक्ष श्री शिवकुमार राजपूत जी समेत समस्त वरिष्ठ कांग्रेसजनों, ब्लाक, मण्डलम, सेक्टर व विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं सहित कांग्रेस समर्थित जिलापंचायत सदस्यों, जनपद पंचायत सदस्यों एवं सरपंच गणों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# झूठ 03— 'हर साल दो करोड़ रोजगार देंगे' की हकीकत

**संवाददाता । कांग्रेस दर्पण**





युवाओं की हितैषी होने का दावा करने वाली मोदी सरकार में युवाओं की दुर्दशा चरम पर है। आज देश का युवा अपने भविष्य को लेकर चिंतित है, निराश और हताश है। देश का भविष्य कहे जाने वाले युवाओं के सपनों को सरकार बर्बरतापूर्वक कुचल रही है।

हर साल दो करोड़ रोजगार देने का वादा कर मोदी जी जब सत्ता में आए, बेरोजगारी ने सारे रिकार्ड तोड़ दिए। नौकरी मिलता तो दूर, नौकरी बचनी भी भारी हो गई। तमाम युवा जो नौकरी करते थें, उनमें से भी बड़ी तादाद में लोग बेरोजगार हो गए। यह सब मोदी सरकार की युवाविरोधी नीतियों के कारण हुआ।

आज प्रधानमंत्री की वादाखिलाफी पर पूरा देश हतप्रभ है कि आखिर कोई इतना झूठ कैसे बोल लेता है। झूठ और प्रोपेगेंडा के सहारे सरकार अपनी विफलताओं को ढंकने का लाख प्रयत्न कर ले, मगर जनता को झूठी सरकार की हकीकत मालूम है। सरकार के तमाम छल प्रपंचो के बाद भी करोड़ों मजबूर युवाओं की दुर्दशा नहीं छिपने वाली है। आज रोजगार मांगने वाले युवाओं पर लाठियां बरसाई जाती हैं, उन पर बर्बरता की जाती है। देश का प्रतिभावान युवा जब अपने सरकार से अपना हक मांगता है तो उसे देशद्रोही करार दे दिया जाता है।

रेलवे से लेकर सेना तक देश के सरकारी विभागों में लगभग 30 लाख से अधिक पद खाली हैं। इन पदों पर भर्तियां होनी चाहिए, मगर सरकारी नकारापन देश के योग्य युवाओं को बेरोजगार बने रहने पर मजबूर कर रहा है। CMIE के अनुसार, इस समय देश में बेरोजगारी दर 8.11 फीसदी के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। यह किसी भी देश के लिए बेहद खतरनाक स्तर है।

नौकरी की खातिर युवा खूब पढ़ाई–लिखाई करते हैं। परीक्षा की तैयारी करते हैं, मगर वेकैंसी है कि आती ही नहीं। अगर कोई वैकेंसी आ भी गई तो परीक्षा होने में कई साल लग जाते हैं। सालों मेहनत करके जब परीक्षा देने सेंटर पहुंचते हैं, तो पता चलता है कि पेपर पहले ही लीक हो चुका है। आज देश के एक तिहाई युवाओं के पास न तो कोई नौकरी है, न कोई कौशल है और न ही पढ़ाई–लिखाई। यह सब जितना शर्मनाक है, उससे अधिक चिंताजनक... मगर आपदा में अवसर तलाशने वाली सरकार को इससे क्या लेना–देना। करोड़ों युवाओं को मानसिक और आर्थिक रूप से अपंग बनाकर, उनके सपनों को बेरहमी से कुचलकर युवा हितैषी होने का दावा करने वाली सरकार की असलियत इस देश की जनता समझती है मोदी जी। युवाओं को मूर्ख समझने की कीमत सरकार को चुकानी ही पड़ेगी।





मान्यवर,

आप सभी बंधुओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 28–5–2023को जय भारत सत्याग्रह यात्रा का कार्यक्रम अपने जिला पड्ढचम्पारण के प्रभारी श्री शशिभूषण राय के नेतृत्व में करना सुनिश्चित हुआ है।आप सभी कांग्रेस जन , पूर्व लोकसभा प्रत्याशीगण, पूर्व विधायकगण, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी गण,ए आई सी सी के सदस्य गण,पी सी सी के सदस्य गण, पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी गण,सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी गण तथा सभी प्रखंडों के अध्यक्ष गण से आग्रह है कि उपरोक्त तिथि पर दिन के 10–30 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय केदार आश्रम बेतिया में अवश्य पहुंच जाएं। वहां से हम सभी को जुलूस के साथ निकल कर सोवाबाबु चौक से लालबाजार होते हुए समाहरणालय पहुंचना है जहां 11बजे से सभा का आयोजन निर्धारित है। साथ ही महागठबंधन के सभी घटक दल( राजद, जदयू,सी पी आई,सी पी एम,सी पी आई एम एल ,रा कां पा) के साथि सादर आमंत्रित हैं। आप सभी अपने अपने पार्टी के झंडे के साथ कार्यक्रम में शामिल होने का कष्ट करें।

शुभकामनाओं के साथ,
शेख कामरान
सदस्य ए आई सी सी
पूर्व जिलाध्यक्ष .
पश्चिम चम्पारण।

# 'असाधारण व्यक्तित्व' श्री राजीव गांधी

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण



आज देश की अधिकांश नई पीढ़ी को पता भी नहीं होगा, कि देश के नौवें प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या क्यों हुई! कैसे हुई? पता भी कैसे हो आज तो इतिहास बदलने का चलन शुरू हो गया है. आज लोगों को पता भी नहीं कि राजीव गांधी देश के लिए क्यों शहीद हुए ! दरअसल हम सब बेशर्म समाज में रहते हैं, जहां धूर्तता की पराकाष्ठा है. संसद से लेकर सड़क तक हम ऐसे विचित्र लोकतांत्रिक देश में देखते हैं, देश के लिए जान देने वाले इंसान को देशद्रोही कहकर ठहाके लगाए जाते हैं. राजीव गांधी चाहते तो मारे नहीं जाते, लेकिन आज कुछ जाहिल राष्ट्रवाद की बातें करते हैं, उन्हें पता भी नहीं होगा शायद वो तो विचारधारा के नाम पर बस गरियाना, कोसना ही सीख पाए हैं. वे राजीव गांधी ही थे, जिन्होंने तमिल नहीं टूटने दिया... तमिल के साथ साथ श्रीलंका को भी संकट से उबारा. राजीव गांधी कैसे आराम से सत्ता भोग सकते थे, उनकी माँ ने भी तो देश के लिए जान दे दी... इन्दिरा गांधी चाहतीं तो सत्ता भोग सकती थीं, लेकिन उन्होंने जान का जोखिम उठाया और वही हुआ, इन्दिरा गांधी की निर्मम हत्या.. राजीव गांधी भी तो इन्हीं इन्दिरा के बेटे थे, जान का जोखिम उठाया, और शहीद हुए. आज राष्ट्रवाद की चाशनी में डुबोकर नफ़रत के भाषण पिलाए जाते हैं, किसी भी बात पर नेहरू जिम्मेदार के अलावा कोई दूसरा जवाब नहीं है.

राजीव गांधी होना आसान नहीं था, कोई व्यक्ति मानसिक रूप से कितना मजबूत हो सकता है. इसकी मिसाल राजीव गाँधी को देखकर अंदाज़ा लगाया जा सकता है. पहले छोटे भाई की मृत्यु और कुछ ही सालों बाद माँ इंदिरा गांधी की नृशंस हत्या, इस सब के बाद भी उनके कदम डगमगाए नहीं. राजीव गांधी शक्ति के साथ भारत निर्माण की मंजिल की ओर बढ़ते गए. आज राहुल गांधी में जो यायावरी, फक्कड़पना है, वो भी राजीव गांधी में थी. राजीव गांधी देश के सबसे ताकतवर परिवार के बेटे होते हुए भी उनमे राजनीति से रत्ती भर आकर्षण नहीं था. जब तक उनके छोटे भाई संजय गांधी राजनीति में रहे तब तक राजीव गांधी ने राजनीति को छुआ भी नहीं..संजय गांधी पेशेवर राजनीतिक व्यक्तित्व के धनी थे. संजय की 23 जून, 1980 को एक वायुयान दुर्घटना में मृत्यु हो जाने के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने राजीव को राजनीति में उतार दिया. जून 1981 में वह लोकसभा उपचुनाव में निर्वाचित हुए और इसी महीने युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य बन गए. न न करते राजीव गांधी माँ के कहने पर राजनीति में आए तो शिखर तक पहुंचे.

मजबूरी में राजनीति में आए राजीव गांधी को उस दौर के नेताओं ने उस समय नया नवेला भी कहा, लेकिन जिस तरह से उन्होंने यह जिम्मेदारी निभाई. उससे उनके विरोधियों को घोर निराशा हुई. राजीव गांधी को सौम्य शालीन, शिक्षित, शिष्ट राजनेता कहा जाता था. आज के पीएम मोदी को राजीव गांधी से सीखना चाहिए कि पार्टी, परिवार कैसे चलाते हैं. राजीव गांधी पार्टी के अन्य नेताओं से विचार–विमर्श करने के लिए जाने जाते थे. जल्दबाज़ी में निर्णय नहीं लेते थे,सोच समझकर फैसला करते थे. आज राजनीतिक धौंस ज़माने के लिए अपनी शक्ति का प्रदर्शन के लिए तुगलकी फ़रमान जारी कर दिए जाते हैं.. बाद में पता चलता है देश में कानून लागू हो गया है. जब उनकी माँ की हत्या हुई, तो राजीव को उसी दिन प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई गई और उन्हें कुछ दिन बाद कांग्रेस पार्टी का नेता चुन लिया गया. राजीव गांधी पर कोई ऐसा दाग़ नहीं था जिससे उनकी निंदा की जाए. मिस्टर क्लीन की छवि के कारण राजीव गांधी लोकप्रिय भी थे. आज सत्ता न छोड़ने, कुर्सी से चिपकने वालों को राजीव गांधी से सीखना चाहिए. कि आदर्शों की राजनीति कैसे करते हैं. पीएम इंदिरा गांधी की मृत्यु के बाद लोकसभा में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत होते हुए भी राजीव गांधी लोकसभा के सांसद थे, फिर भी शुद्ध राजनीति का परिचय देते हुए, उन्होंने पुनः लोकसभा में चुनाव समय पूर्व कराया. ताकि कोई यह संदेश जाए कि राजीव गांधी ने इन्दिरा गांधी के बहुमत के आधार पर पीएम बन जाना नहीं चुना. यह भी इतिहास है, राजीव गांधी के नेतृत्व में भारत के लोकतंत्र में इतिहास में कांग्रेस ने 542 में से 411 सीटें जीतकर एक नया रिकार्ड बनाया था. आज देश में पूर्ण बहुमत की सरकार होने का मतलब सर्वशक्तिमान हो जाना साझा जाता है. आज शीर्ष पर बैठा व्यक्ति धर्मवाद की बातें करने वाला इंसान जो व्यापरियों की के लिए दलालो का काम कर रहा है, ऐसे–ऐसे आरोप लगे मजाल है कि मुँह खुल जाए. हालाँकि उनका अतीत किसी से छिपा नहीं है. हिम्मत चाहिए राजीव गांधी बनने के बाद जान देना पड़ता है, कुछ भी करें समर्पण चाहिए होता है.

कितना दुःखद है आज डिजिटल इन्डिया का झंडा बुलन्द करने वाली भाजपा ने राजीव गांधी के द्वारा लाई गई सूचना क्रांति पर भारत बंद का आह्वान किया था. कितनी बेशर्मी है. राजीव गांधी की हत्या का मामला भी लोगों को पता नहीं है, कितना दुःखद है कि राजीव गांधी कितने लविंग पर्सन थे. आज सबसे ज्यादा इस बात का दुख होता है कि जिन धूर्तों के लिए राजीव गांधी लड़ते रहे, उन्हीं धूर्तों ने उनकी जान ले ली. श्रीलंका में चल रहे लिट्टे और सिंघलियों के बीच युद्ध को शांत करने के लिए राजीव गांधी ने भारतीय सेना को श्रीलंका भेज दिया था. जो समूह लिट्टे खत्म हो गया था, भारत में वीपी सिंह सरकार बनी, उसने सेना ही वापस बुला लिया, जिससे लिट्टे समूह फिर से ताकतवर हो गया. राजीव गांधी अपनी यात्राओं के जरिए ख़ासे लोकप्रिय हो रहे थे. सत्ता में वापसी करने ही वाले थे, लिट्टे समूह को अंदाजा था कि राजीव गांधी की सरकार बनी तो हमारा खात्मा हो जाएगा, जिससे तमिलनाडु, श्रीलंका सहित अखंड तमिल राष्ट्र नहीं बन पाएगा. आखिरकार लिट्टे ने तमिलनाडु में चुनावी प्रचार के दौरान राजीव गांधी पर आत्मघाती हमला करवा कर दिया. 21 मई, 1991 को रात 10 बजे के क़रीब एक महिला राजीव गांधी से मिलने के लिए स्टेज तक गई और उनके पांव छूने के लिए जैसे ही झुकी उसके शरीर में लगा आरडीएक्स फट गया. इस हमले में राजीव गांधी की मौत हो गई. सब साफ समझा जा सकता है कि राष्ट्र से प्रेम किसको है किस को नहीं... राजीव गांधी ने जान दे दी कि तमिलनाडु देश से अलग न हो. राजीव गांधी देश के पीएम थे, देश के लिए जान दे दी आज उनके बच्चों, पत्नी को देशद्रोही, कहने वाला व्यक्ति शीर्ष पर बैठा हुआ है. आज हम इतने बेशर्म हो रहे हैं कि हमारी संवेदनाएं भी मरती जा रही हैं. हर रोज़ शहीद पीएम के बच्चों से देश प्रेम का सर्टिफिकेट माँगा जाता है. अफ़सोस उस दिन राजीव गांधी शहीद न हुए होते तो देश के पीएम फिर से बने होते. उस दौर में सूचना क्रांति लाने वाले, भाइचारे का झंडा बुलन्द करते. लोगों को कपडों से बिल्कुल न पहिचानते. राजीव गांधी के रूप में देश के क्षति की भरपाई कभी हो नहीं सकती . आज राहुल गांधी में राजीव गांधी की छवि देख सकते हैं, राजीव की तरह यायावर, घुमक्कड़, राहुल को सत्ता से रत्ती भर मोह नहीं है.... राहुल नफ़रत के दौर में मुहब्बत की बातें करते हैं, तो उम्मीद जगती है. आज राहुल को ठेठ राजनेता न होने पर आलोचना सहनी पड़ती है. राजीव गांधी जी भी तो ठेठ राजनेता नहीं थे, उससे क्या फर्क़ पड़ता है. राजीव गांधी की महान विरासत राहुल ही बढ़ाएंगे... मिस्टर क्लीन लविंग पर्सन राजीव गांधी को सादर प्रणाम...